दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

पुनरावृत्ति अभ्यास पत्र–1
सत्र –2018–19

कक्षा : सातवीं | विषय : हिंदी

वसंत :–

पाठ – 1 हम पंछी उन्मुक्त गगन के (कविता) 2 दादी माँ
3 हिमालय की बेटियाँ 4 कठपुतली (कविता)

व्याकरण – पर्यायवाची शब्द (1–30) , समरूपीभिन्नार्थक शब्द (1–20) , अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (1– 20) , मुहावरे (1 –20) , समानार्थक (1–13), अनुच्छेद लेखन , विज्ञापन रचना , अपठित गद्यांश ।

Practice Workbook - पाठ : 1 से 4 तक

1. लघु उत्तरीय प्रश्न :–
   - क) हिमालय से निकलने वाली किन्हीं चार नदियों के नाम बताइए।
   - ख) पक्षी क्यों नहीं गा पाएँगे?
   - ग) इस समय बुखार आने पर लेखक की देखभाल कौन करता है?
   - घ) संस्कृत के किस कवि ने हिमालय को देवात्मा कहा है?
   - ङ) दादीमाँ ने संदूक से क्या निकाला?
   - च) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के कवि का नाम बताइए।
   - छ) कठपुतली क्या सोचने लगी?
   - ज) 'कठपुतली' कविता के कवि का नाम बताइए।

2. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :–
   - क) किन्हीं दो नदियों की विशेषताएँ बताइए।
   - ख) दादी माँ ने धन्नो से सूद समेत रुपयों की माँग क्यों की?
   - ग) पक्षी मर जाने की बात क्यों कर रहे हैं?
   - घ) पक्षियों की मनुष्य से क्या प्रार्थना है? और क्यों?
   - ङ) बीमारियों के फैलने पर दादीमाँ क्या करती थीं?
   - च) कठपुतली को गुस्सा क्यों आ गया?

3. आशय स्पष्ट कीजिए :–
   - क) "ऐसे थे अरमान कि उड़ते नीले नभ की सीमा पाने।"
   - ख) "पुराने लोग आगा–पीछा सोच लेते थे, बेटा।"
   - ग) "कितना सौभाग्यशाली है वह समुद्र जिसे पर्वतराज हिमालय की इन दो बेटियों का हाथ पकड़ने का श्रेय मिला।"
   - घ) "हमें अपने मन के छंद छुए।"

4. मूल्यपरक प्रश्न :–
   - क) पक्षियों का स्वभाव कैसा है? अपने विचार लिखिए।
   - ख) दादी की उपस्थिति का कार्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? लिखिए।
   - ग) नदियों को माता माना जाता है, लेकिन नागार्जुन ने नदियों को किन–किन रिश्तों में वर्णन किया है?
   - घ) कठपुतली के आगे–पीछे धागे क्यों लगे होते हैं? वह उन्हें क्यों तोड़ना चाहती है?

5. शब्दार्थ लिखिए :–
धूमिल, कठपुतली, मोथा, उन्मुक्त, उपत्यकाएँ, निबौरी, प्रतिदिन, पुलकित, विशूचिका, बंधुर

6. परिभाषाएँ लिखिए :–
क) 'समानार्थक शब्द' की परिभाषा लिखिए।
ख) 'पर्यायवाची शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
ग) 'मुहावरे' किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

7. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–
अ) दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :–
क) गंगा ख) ईश्वर ग) गणेश घ) किनारा ङ) कृषक
च) पत्थर।

आ) एक शब्द में उत्तर दीजिए :–
क) जहाँ रेत ही रेत हो ख) खोज करने वाला
ग) जो क्षमा के योग्य हो घ) कम खर्च करने वाला
ङ) ईश्वर में विश्वास रखने वाला च) जहाँ पहुँचा न जा सके।

इ) भिन्न अर्थ बताइए :–
क) जाया–ज़ाया ख) अतल–अतुलग) चर्म–चरम ग) पथ–पथ्य
घ) कलि–कली

ई) समानार्थक शब्दों के अर्थ बताइए :–
क) भ्रम–संदेह ख) अमूल्य–बहुमूल्य ग) ईर्ष्या–स्पर्धा
घ) आधि–व्याधि ङ) अधिक–पर्याप्त

उ) मुहावरे के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–
क) अंधे की लाठी ख) किताबी कीड़ा ग) हौंसले बुलंद होना
घ) लोहे के चने चबाना ङ) रोड़े अटकाना।

8. **NCERT Practice Workbook** के 'मॉडल प्रश्न–पत्र' के अंतर्गत पृष्ठ संख्या 176, 179 की प्र0सं0 1 पर आधारित अपठित गद्यांश के प्रश्नोत्तर कीजिए।

9. **NCERT Practice Workbook** के कार्य पत्रक 22 के अंतर्गत पृष्ठ संख्या 173 से प्र0 सं0 'क' तथा 'ग' पर आधारित विज्ञापन रचना कीजिए।

10. **NCERT Practice Workbook** के 'कार्य पत्रक–23' के अंतर्गत पृष्ठ संख्या 174 के प्र.सं0 'क' तथा 'ख' पर आधारित अनुच्छेद लिखिए।